हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 जून 2024

04 मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए चलाया जन...



07 अमानक निजी स्कूल, कॉलेज पर कब होगी कार्रवाई...





## खबर संक्षेप

### अटैच प्रोफेसर अपने ही कॉलेजों में पढ़ाएंगे

**सीहोर** | उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक वर्ग के सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उनके मूल पदस्थापना स्थल के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। ऐसे में संचालनालय व अन्य कार्यालयों में पदस्थ प्रोफेसर कार्यमुक्त होकर अपनी मूल पदस्थापना शैक्षणिक संस्थान में संस्था प्राचार्य को रिपोर्ट करेंगे। उच्च शिक्षा आयुक्त निशांत बरवड़े ने आदेश में इसे तत्काल लागू करने के लिए कहा है। बता दें कि उच्च शिक्षा विभाग की अलग-अलग शाखाओं कॉलेजों के प्रोफेसर अटैच किए गए थे। इनमें ओएसडी भी शामिल हैं। अटैच सभी प्रोफेसरों को वापस उनके कॉलेज भेजा जाएगा और वहीं अध्यापन कार्य कराया जाएगा।

### चैनपुरा में करंट लगने से गाय की मौत

**सीहोर**। जिले की खेड़ी ग्राम पंचायत खेड़ली के चैनपुरा में एक गाय को करंट लग गई। इसमें गाय की मौत हो गई। घटना सुबह के समय की है। चैनपुरा में गांव के बाहर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। इसमें ट्रांसफार्मर के खंभे पर कट आउट बॉक्स काफी नीचे लगा हुआ है। गाय इसकी चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव के विनोद शर्मा ने बताया कि यहां पर इससे पहले भी 19 जून को एक गाय को करंट लग चुका था, उसकी भी मौत हो गई थी। लोगों ने कहा यहां पर लगे ट्रांसफार्मर की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने इसे सही कराने की मांग की है।

### सरकारी दफ्तर 10 से 6 बजे तक खुले रहेंगे

**सीहोर**। जिले के सभी शासकीय कार्यालय अब सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कलेक्टर को आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि प्रतिदिन कार्यालय प्रारंभ होने के निर्धारित समय 10 बजे से अधिकारी-कर्मचारियों सभी की उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी देखें कि सभी कार्यालय शाम 6 बजे तक खुलें। ताकिआम जनता की समस्याओं का निराकरण हो सके। बता दें कि कोरोना के बाद से सभी शासकीय कार्यालयों में सोमवार से शुक्रवार तक पांच दिवसीय वर्किंग-डे घोषित किया गया है। इसके बावजूद भी अधिकारी-कर्मचारी दोपहर 11.30 बजे तक बाद आते हैं। साथ ही शाम 4 बजे के बाद चले जाते हैं।

### मीटर से छेड़छाड़ करने पर हो सकता है कारावास

**सीहोर**। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कृत्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा के तहत कार्रवाही होगी। बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर 3 वर्ष तक का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

### शिवराज सिंह चौहान ने 25 करोड़ से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास

# किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए खेती का विविधिकरण किया जाएगा: केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली तथा शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है : श्री चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शाहगंज में आयोजित कार्यक्रम में 25 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों, गरीबों, बहनों और युवाओं के बेहतरी के लिए सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की खेती के विकास और किसानों के कल्याण के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि उत्पादन बढ़ाना है और उत्पादन की लागत कम करना है। किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाना है। यदि प्राकृतिक आपदा आ जाए तो उसकी भरपाई भी करना है, उन्होंने कहा की खेती का विविधीकरण करना है। कृषि के क्षेत्र में नई पद्धतियां अपनानी है , ताकि किसानों को खेती से अधिक से अधिक आमदनी हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी तेजी से काम करना है। गांव के विकास और कल्याण के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया जाएगा। कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर बहन को लखपति दीदी बनाना है, इस दिशा में भी तेजी से काम करेंगे। यह काम भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझे सौंपा है । मैं तेजी से इस अभियान पर भी काम करूंगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि जिस विश्वास के साथ आपने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, मैं आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा ।




**कृषि मंत्री ने संभावित लखपति बहनों से की चर्चा:** माननीय केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बुधनी विकासखंड की संभावित लखपति बहनों से चर्चा की और उनकी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा बहनों से वर्तमान आय और आगे की योजनाओं पर चर्चा की गई। लखपति दीदी इनीशिएटिव कार्यक्रम अंतर्गत संभावित लखपति दीदी का लोकोस मोबाइल एप पर प्रशिक्षित लखपति दीदी सीआरपी प्रियंका नामदेव के माध्यम से सर्वे का शुभारंभ किया। जिसमें ग्राम निमटोन के संगम आजीविका समूह की तुलसी दीदी की जानकारी एप्प पर डाली गई।

**केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का भव्य एवं आत्मीय स्वागत** :केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का ग्रह ग्राम जैत पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। कृषि मंत्री श्री चौहान ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात शाहगंज में रोड़ शो के दौरान लोग केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का स्वागत करने के लिए आतुर दिखे और रोड़ शो के दौरान पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भैरूंदा नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कृषि मंत्री श्री चौहान ने ग्राम जैत में की मां नर्मदा की पूजा अर्चना



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम जैत में खेड़ापति मंदिर तथा मां नर्मदा की पूजा अर्चना की एवं देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की उन्होंने जैत में बनने वाले हाई स्कूल भवन का शिलान्यास किया। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने ग्राम जैत में नर्मदा घाट का निरीक्षण किया और घाट निर्माण कार्य के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह से जानकारी ली।



### इन कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री चौहान ने 25 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में कुल 15 करोड़ 17 लाख 27 हजार की परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। उन्होंने बुधनी के जैत में 5 करोड़ 8 लाख 94 हजार की लागत से निर्मित होने वाले शासकीय हाईस्कूल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने बुधनी के बकतरा में 7 करोड 23 लाख 33 हजार लागत के शासकीय हाईस्कूल का निर्माण कार्य (भवन) का, बुधनी के नॉनभेट में 65 लाख लागत के उपस्वास्थ्य केंद्र, बुधनी के ग्राम पंचायत डोबी में 1 करोड 10 लाख लागत के सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य एवं ग्राम बकतरा के 1 करोड़ 10 लाख लागत के सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार कुल 9 करोड़ 22 लाख 62 हजार की लागत निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने बुधनी में 1 करोड 15 लाख 5 हजार लागत के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम-शाहगंज में 2 करोड 70 लाख की लागत के घाट तथा संरक्षण निर्माण कार्य का, 4 करोड 66 लाख 12 हजार की लागत वाले बुधनी के नारायणपुरा से होलीपुरा टप्पर 3.50 किमी मार्ग का, बुधनी के ग्राम चीकली में 33 लाख की लागत वाले सी0सी0 रोड का एवं बुधनी के ग्राम जवाहर खेड़ा में 38 लाख की लागत से निर्मित आंतरिक सड़क का लोकार्पण किया।

## महिला ने फांसी लगाकर किया सुसाइड: सागौन के पेड़ पर दुपट्टे से लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधनी में एक महिला ने फांसी लगाकर किया सुसाइड कर लिया। आज उसका शव सागौन के पेड़ पर दुपट्टे से शव लटका मिला है। महिला अपने पति के साथ यहां पर मजदूरी करने के लिए आई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

बुधनी के वार्ड क्रमांक 5 गडरिया नाले के पास बन रहे मेडिकल कॉलेज में 19 वर्षीय मृतका मनीषा अपने पति अर्जुन भूरिया के साथ झाबुआ के कोटडा गांव से काम करने के लिए आई थी।



मनीषा और उसका पति बुधनी में बन रहे मेडिकल कॉलेज में 1 महीने से काम कर रहे थे। उसके पति अर्जुन ने बताया कि शुक्रवार शाम 7:30 बजे मैं जब घर आया तो मैंने उससे खाना बनाने को कहा। वह नहाने के बाद खाना बनाने का कह रही थी। मैंने उसे कहा अभी बना दो। इस पर वह नाराज होकर खाना बनाने लगी मैंने खाना खाया और लेट गया। मैंने सोचा कि वह नहाने गई है। जब वह काफी देर तक नहीं दिखी तो मैं आस पड़ोस में देखा। काफी देर तक देखता रहा लेकिन रात 1 बजे तक नहीं मिली। इसके बाद मैं घर आकर सो गया। सुबह 6 बजे फिर से उसे देखने को निकला। तभी मनीषा तेंदू पत्ता गोदाम के बाजू मे पत्थर के मेनगेट के पास जंगल मे सागौन के पेड़ पर गले मे दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर लटकी मिली।

**ड्यूटी पर नहीं पाए जाने पर शिक्षिका और प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी** : सीहोर जिले के शिक्षा विभाग की कार्यालयीन सहायक संचालक सलोनी शर्मा एवं कार्यालयीन योजना अधिकारी एच एस निमजे द्वारा 28 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा एवं शासकीय हाईस्कूल जताखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शा.उ.मा.वि. कोठरी एवं शा. हाईस्कूल जताखेड़ा की एक शिक्षिका अनुपस्थित पाई गई एवं प्राचार्य शा.क.उ.मा.वि. आष्टा द्वारा अपने प्रवास पर रहने की सूचना संस्था को नहीं दी गई। इस संबंध में संबंधितों के विरुद्ध कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया है।

## दोपहर में झमाझम हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में दोपहर लगभग ढाई बजे अचानक तेज हवाओं के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। सीहोर में 21 जून को करीब 107 एमएम बारिश हुई थी। उसके बाद से मानसून लगभग रूठ सा गया था। लोग गर्मी और उमस से काफी परेशानी महसूस कर रहे थे। लेकिन आज बारिश हो जाने से मौसम में ठंडक खुल गई है।



**अब तक बारिश** : जिले में बीते 24 घंटे में 11.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 12 एमएम, श्यामपुर में 15, आष्टा में 0, जावर में 25, इछावर में 0, भैरूंदा में 45.2, बुधनी में 0, रेहटी में 19 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से 27 तक 122.0 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 142.6 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 173.8, एमएम, श्यामपुर में 118, आष्टा में 85, जावर में 90.8, इछावर में 248, भैरूंदा में 96, बुधनी में 62 तथा रेहटी में 102.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।




### 600 रुपए की पेंशन की राशि अत्यंत कम है: अर्जुन सिंह

# पेंशन बढ़ाने को लेकर सक्षम संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्यांगों के हित में कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) जिला इकाई द्वारा दिव्यांगों की समस्याओं के निराकरण हेतु राष्ट्रव्यापी अभियान चलाकर दिव्यांग लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है इस तारतम्य में जिला इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा दिव्याँगो की पेंशन बढ़ाने को लेकर जिला सीहोर के



माननीय जिलाधीश महोदय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। सक्षम संगठन के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि आज कि महँगाई के युग में दिव्यांगों को मिलने वाली 600 रुपये की पेंशन की राशि अत्यंत कम हैं प्रतिदिन के मान से 20 रुपये की राशि से दिव्यांगजनों को जीवन यापन करने में अत्याधिक कठिनाईं हो रही है अतः दिव्यांग बंधुओं की आवाज सरकार तक पहुंचाकर उनकी पेंशन राशि 600 से 3000 रुपए बढ़ाने का शासन से अनुरोध सक्षम संस्था जिला इकाई सीहोर द्वारा किया जा रहा है आशा है शासन शीघ्र ही उनकी समस्याओं का निराकरण करेगा । इस अवसर पर सक्षम के जिला उपाध्यक्ष एच. एन वर्मा, जिला सचिव प्रदीप नागिया, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, जिला सह कोषाध्यक्ष कमल धनगर, जिला कार्यकारिणी सदस्य कमलेश राठौर,जिला कार्यकारिणी सदस्य ऋषिराज शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य आर.एस. मकवाना, जिला कार्यकारिणी सदस्य तरुण श्रीवास्तव, ज़िला इकाई से प्रेमलता राठौर, नगर अध्यक्ष प्रीति सोनी, उमा चौरसिया, दीपसिखा जोशी, अंजना राठौर, अल्का सोलंकी, रानी गौर, दीपिका मालवीय व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

**इछावर।** पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ग्राम पंचायत बावड़ियां चोर के बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य किया है। खासकर पंचायत सचिव सुनील जयसवाल के नेतृत्व में ग्रुप द्वारा शत प्रतिशत मतदान कराया गया। इसके चलते सचिव श्री जयसवाल को शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित बीएजी सदस्य सम्मान समारोह में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया है। श्री जयसवाल को उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर द्वारा दूसरी बार सम्मानित किया गया है।

### यादव बने अमरनाथ यात्रा के अध्यक्ष



**सीहोर।** बाबा बर्फानी भक्त मण्डल की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें संरक्षक अखिलेश राय, संस्थापक विवेक राय, मण्डलाध्यक्ष मनीष यादव, मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता सहित मण्डल के सभी पदाधिकारी व सदस्यगणों की सर्व सम्मति से विजय यादव को यात्रा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संस्थापक विवेक राय ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 10 जुलाई 2024 को अमरनाथ धाम के लिये सांय 4 बजे स्थानीय रेल्वे स्टेशन से धर्मावलम्बी 130 युवाओं का जत्था वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, वरिष्ठ समाज सेवी सन्नी महाजन, सीताराम यादव सहित वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति में युवाओं का पुष्पहारों से स्वागत सम्मान कर बम-बम भोले के जयकारे के साथ रवाना होगा।

### प्री-बोर्ड से पहले सिलेबस पूरा कराने के निर्देश

**सीहोर।** सीबीएसई ने संबद्धता रखने वाले स्कूलों के लिए नया सर्कुलर जारी किया गया है। इसके अंतर्गत उन्हें प्री-बोर्ड परीक्षा से पहले सिलेबस को हर हाल में पूरा कराना होगा। जिससे वे फायनल एग्जाम के लिए समय से रिवीजन पूरा कर सकें। इसके लिए बोर्ड ने स्कूलों से 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए स्पेशल क्लासेस संचालित करने के निर्देश दिए हैं। स्टूडेंट्स को यह तैयारी मार्किंग स्कीम के तहत कराई जाएगी। इन स्पेशल क्लास में पहले क्लास टीचर अलग-अलग विषयों के लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी संबंधी रणनीति बनाएंगे और उसके हिसाब से ही सिलेबस को प्री-बोर्ड से पहले पूरा किया जाएगा। इन क्लासेस को स्टूडेंट्स के लिए अनिवार्य किया जाएगा। स्कूल से बंक मारने पर उनके पैरेंट्स से चर्चा कर कारण जाना जाएगा। स्कूलों के टीचर्स का कहना है कि बोर्ड की तरफ से जारी सर्कुलर के हिसाब से उन्होंने तैयारी कर दी है।

### निम्नागांव के 15 लोगों की जांच कराई गई, जिनमें से 6 लोग पॉजिटिव पाए गए

# मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान

मलेरिया,डेंगू बुखार के लक्षण के बारे बताते हुए कहा कि 2 से 7 दिन बुखार आना, जोड़ों में दर्द होना, सर दर्द होना, आंखों के नीचे दर्द होना, गंभीर मामलों में यह नाक और मसूड़े से खून आना आदि इसके लक्षण हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भैरूंदा के पंचायत के निम्नागांव में डेंगू से बचने जन जागरुकता चलाया गया। इसमें लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया।मच्छर के जीवन चक्र से लेकर,उससे होने बाली बीमारी जेसे मलेरिया, डेंगू साथ ही उससे बचाव के लिए जरूरी सलाह दीं।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इसमें ग्रामीणों को मच्छर पर विस्तार पूर्वक डॉक्टरों और विशेषज्ञों के लोगों ने बताया।मलेरिया इंस्पेक्टर सुनील भल्लावी ने मच्छर का जीवन चक्र और उनसे बचने का उपाय बताया।उन्होंने बताया कि अंडों से मच्छर बनने में 7 से 9 दिन का समय लगता है। इनका जीवन काल 21 दिन का होता है।

मलेरिया,डेंगू बुखार के लक्षण के बारे बताते हुए कहा कि 2 से 7 दिन बुखार आना।जोड़ों में दर्द होना।सर दर्द होना।आंखों के नीचे दर्द होना।गंभीर मामलों में यह नाक और मसूड़े से खून आना आदि इसके लक्षण हैं। ऐसा होने पर व्यक्ति को तुरंत जांच करानी चाहिए। भैरूंदा के ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू ने अपनी दस्तक दे दी है। पिछले दिनों छिदगांव मोजी में कुछ लोगों को बुखार की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। इनमें से दो लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। डेंगू के मरीज मिलते ही स्वास्थ्य अमले में हड़कंप मच गया है। लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। भैरूंदा बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में डेंगू तेजी से अपने पैर पसार रहा है। भैरूंदा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति कुछ ज्यादा ही खराब है। ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू के मरीज रोजाना बढ़ रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। हालांकि स्वास्थ विभाग का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप सबसे ज्यादा है। जिसमे में अब तक 20 से ज्यादा डेंगू के मरीज मिले हैं,मरीजों को बेहतर उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भैरूंदा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप दिनोदिन बढ़ रहा है। पिछले दिनों निम्नागांव के 15 लोगों की जांच कराई गई,जिनमें से 6 लोग पॉजिटिव पाए गए। ग्रामीण क्षेत्र के छिदगांव मोजी, निम्नागांव में ज्यादा डेंगू के मरीज मिले हैं।भैरूंदा के आस पास के दो चार गावों को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के अभाव में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। ब्लाक मेडिकल आधिकारी मनीष सारस्वत ने बताया की स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका असर दिखाई देने लगा है।लोगो के बीच में जाकर लोगो को जागरूक किया गया।घरों के आसपास कही पर भी पानी जमा नहीं होने दें टूटे फूटे बर्तनों,पुराने टायरों व कबाड़ को नष्ट कर दें। पानी के टैंक या बर्तनों को हमेशा ढंक कर रखें।सुबह शाम घर में धुआं करें सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।बुखार होने पर तुरंत गांव के आशा कार्यकर्ता के पास जा कर खून की जांच करवाएं।मलेरिया होने पर पूरा इलाज कराए- इलाज के लिए दी गई दवा का पूरा सेवन करें। ग्रामीणों का आरोप दवा का छिड़काव नहीं होने मच्छरों का प्रकोप पढ़ रहा है। ग्राम पंचायत ससली के नारायणपूरा के लोगों ने आरोप लगाया है कि गांवों में दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया। बरसात के मौसम को देखते हुए विभाग को दवा का छिड़काव करना चाहिए था।

## सड़क पर भरता है गंदा पानी ग्रामीण हो रहे परेशान



**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत गुड़भेला में नालियां साफ नहीं हुई। वह पूरी तरह से चोह हैं। नियमित सफाई न होने की वजह से उनका गंदा पानी सड़क भरता है। वहां मच्छर पनपने से बीमारी होने का खतरा भी बना रहता है। लोगों को निकलने में परेशानी होती है। लोगों ने नालियों की सफाई कराने की मांग की है। दरअसल ग्राम के पंचायत भवन के सामने बनी नाली काफी समय से साफ नहीं हुई हैं। इस कारण इनमें जमा गंदा पानी सड़कों पर भरता है। इस कारण यहां से निकलने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। लोगों ने पंचायत पर काम में लापरवाही का आरोप लगाया है। गांव के मंगलेश सेन ने बताया गया कि काफी समय से गांव में पंचायत भवन के सामने वाली सड़क की नालियों की सफाई नही की जा रही है। नालियों का सारा गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। यह गांव का मुख्य मार्ग है। यहां पर नियमित सफाई नहीं होती। इससे बच्चे स्कूल और ग्रामीण मंदिर जाते है। गंदगी की वजह से यहां पर बदबू आती है साथ ही यहां पर मच्छर पनपने से बीमारियों का खतरा बना रहता है। गंदगी व बदबू के कारण परेशानियां हो रही हैं। ग्राम पंचायत द्वारा सफाई नहीं करवाई जा रही है। नियमित सफाई नहीं होने से नाली का सारा गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। यहां पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। इससे गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। ग्रामीण ने बताया यहां पर होने वाली परेशानी को देखते हुए मैंने खुदा एक बार नाली की सफाई की थी। उसके बाद जब पंचायत में जाकर सरपंच, सचिव से बात की। उन्होंने कहा था कि 10 से 15 दिन में नाली की सफाई करा दी जायेगी, लेकिन पूरे 2 महीने निकल चुके है। अब तक नालियों की सफाई का काम नहीं किया गया है। सरपंच नरेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि आपके माध्यम से गांव में हो रही परेशानी मेरे संज्ञान में आई है। हम जल्दी ही नालियों की सफाई कराकर ग्रामीण को होने वाली परेशानी का समाधान कराएंगे।

## नशा रोकथाम के लिए जनजागरण की आवश्यकता है: नटवर कुशवाहा



**सीहोर।** इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उसके तीसरे दिन शुक्रवार को केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के निर्देशानुसार विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस मौके पर केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, विशेष अतिथि अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, राजेश भूरा यादव, जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, केन्द्र की ओर से विकास अग्रवाल, अमित जैन और कमलेश राय आदि शामिल थे। इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नशा निरोधक सप्ताह के दौरान टीम जनजागरण, स्कूल कॉलेज में सेमिनार व नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम करेगी। शुक्रवार को केन्द्र में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रभारी श्री कुशवाह ने कहा कि नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि अब व्यक्ति मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए जुर्म भी कर सकता है। आज युवा गलत संगती में आकर घर से बाहर एकांत स्थलों में नशे का सेवन करने लग गया। इन पर नजर रखने की आवश्यकता है। भारत में नशीली पदार्थों के सेवन से अधिक मौत होती है, जो गंभीरता को रेखांकित करता है। नशा रोकथाम के लिए जनजागरण की आवश्यकता है। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट, शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए।

## दो पॉलिसी धारकों के नॉमिनी को 10-10 लाख की दावा राशि के स्वीकृति पत्र दिए गए




**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग अपने बैंक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी के माध्यम से आम जन हेतू विशेष दुर्घटना पालिसी लाया है। इस पालिसी को जिले के हज़ारों लोग अबतक ले चुके हैं। वार्षिक लगभग 555 में 10 लाख का दुर्घटना बीमा जबकि केवल 755 में 15 लाख का दुर्घटना बीमा पालिसी अब आपके नज़दीकी पोस्ट ऑफिस में उपलब्ध है। पॉलिसी में जनहानी/आंशिक/स्थाई अपंगता पर अधिकतम बीमा राशि देय है। इसके साथ ही दुर्घटना से अस्पताल में भर्ती होने पर भी एक लाख तक दावा किया जा सकता है। पृथक से रूम रेंट, वर्ष में एक बार टेस्ट, टेली कंसल्टेशन, आदि सुविधाओं से युक्त है ये पालिसी। इस मौके पर डाक घर के अधीक्षक एमएल मालवीय ने बताया कि मात्र 499 की पालिसी लेने वाले दो पालिसी धारकों के नामिनी को दस-दस लाख रुपए की राशि के चेक वितरण भी किए गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए डाक घर के पोस्ट मास्टर सुनील चौकसे ने बताया कि शनिवार को आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक में कर्मचारियों के साथ ग्राहकों ने भी हिस्सा लिया । इस बैठक में कार्यक्रम में 2 पॉलिसी धारकों के नॉमिनी को 10-10 लाख की दावा राशि के स्वीकृति पत्र दिए गए। पहली लाभार्थी बिलकिसगंज के नज़दीक रहती हैं, जिनके पति की दुर्घटना से जनहानी हो गई थी। जबकि एक और लाभार्थी भेरुन्दा तहसील से हैं, जिनके सुपुत्र की भी दुर्घटना में जनहानी हो गई थी। केवल दो माह में ही सुरक्षित किया हज़ार से ज़्यादा जिले वासियों को पॉलिसी अब कंपनियों में भी हो रही लोकप्रिय। अपने कर्मचारियों को सुरक्षित करने हेतू भी नियोक्ता अपने कर्मचारियों का बीमा इस पालिसी में करवा सकते है, इसके लिए उन्हें सीहोर प्रधान डाक घर में आईपीपीबी शाखा प्रबंधक से सम्पर्क करना होगा। पूरे जिले में लगभग 190 पोस्ट ऑफिस में आम जन हेतू उपलब्ध है यह पालिसी। आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षक श्री मालवीय, आईपीपीबी शाखा प्रबंधक कृपलानी, पोस्ट मास्टर सुनील चौकसे, सीहोर निरीक्षक चरण सिंह, प्रबंधक मीनाक्षी अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद थे।

### नपाध्यक्ष ने किया पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान का स्वागत



**सीहोर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का राजधानी भोपाल आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा के नगर मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं, पार्षदों ने स्वागत का क्षेत्र के विकास की जो नींव रखी है, इसके लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार सभी का विकास और विश्वास की नीतियों पर चलती आ रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके श्री चौहान को देश का केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री बनाकर यह साबित कर दिया है कि वह योग्यता का सम्मान करते है, क्योंकि मध्यप्रदेश को विकसित करने में सक्रिय रहे थे और उनके द्वारा किसान हित में अनेक कार्य हुए जिससे मध्यप्रदेश का किसान अधिक उत्पादन करने में सक्षम हुआ है। इस मौके पर भाजपा नेता सन्नी महाजन, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, अर्जुन राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, प्रदीप गौतम आदि उपस्थित थे।

## जिला पंचायत में स्थायी समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला पंचायत स्थायी समिति स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण की बैठक समिति की सभापति जलज चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के हितग्राहीमूलक योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। सभापति जलज चौहान ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लक्ष्य अनुरूप तथा गुणवत्तापूर्वक प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं तथा विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए आम नागरिकों को परेशान न होना पडे, इस बात का ध्यान रखा जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री बाल आरोग्य कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कुछ गांवों में नई आंगनबाडी खोले जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे शासन स्तर पर स्वीकृत कराने के लिए अग्रिम कार्यवाही कराए जाने की बात कही गई। बैठक में समिति एवं जिला पंचायत के सदस्य संगीता मालवीय, डॉ. सुरेश वर्मा, उमा ओम पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शंकरलाल पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बोर से मोटरपंप चोरी करने वालों को पकड़ा



**रेहटी।** खेत पर बोर लगे मोटर पंप चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफास किया है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी जगदीश प्रसाद पिता स्व.गोरेलाल नाविक निवासी सलकनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। खेत पर डेढ हास पावर की पानी की मोटर बोर में डाली थी। 25 जून मोटर से पानी नहीं आने पर देखा तो टीनसेट को पीछे से तोडकर कोई अज्ञात चोर बोर की पानी की मोटर व काली केविल करीब 100 फीट और मोटर में बाधने की टोचन (रस्सी) निकालकर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और फरियादी के द्वारा संदेही राज उर्फ विकास से बारिकी से पूछताछ करने पर अपने साथ रोहन, मनीष, सुमित और राकेश के साथ मिलकर चोरी करना बताया। पुलिस ने राज उर्फ विकास पिता राधेश्याम चौरसिया, रोहन गौर पिता विनोद गौर, मनीष जादव पिता अनिल जादव, भैरव उर्फ सुमित पिता सालिगराम दायमा, राकेश नाबरे पिता पूरन लाल को माल सहित गिरफ्तार किया है।

### छात्र-छात्राओं को कलेवा बांधने और तिलक लगाने पर स्कूल में नहीं दिया जाता प्रवेश

# विश्व ज्योति कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन पर एबीवीपी ने लगाए गंभीर आरोप, आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल में आने वाले छात्र-छात्राओं को कलाई पर कलेवा बांधने एवं मांथे पर तिलक लगाने पर उन्हे स्कूल में प्रवेश नही करने दिया जाता है। बिना मान्यता के अबैध रूप से हॉस्टल संचालित की जा रही है, जिसमें गरीब, आदिवासी बच्चों को बंधक बनाकर रखा जा रहा है। पालकों को आर्थिक व अन्य प्रलोभन देकर इन बच्चों का धर्म परिवर्तन के लिए उन्हे बाध्य किया जा रहा है। यह आरोप नगर में संचालित होने वाले विश्व ज्योति कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने लगाते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होने स्कूल की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



पिछले दिनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के सदस्यों ने जिला सह संयोजक सुमित सोनी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम जमील खान को एक ज्ञापन दिया। जिसमें संगठन ने कहा कि नगर में संचालित विश्व ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में प्रबंधन द्वारा कई अनियमितताएं बरती जा रही है। बिना मान्यता के स्कूल में बोर्डिंग संचालित की जा रही है। जिसमें गरीब, आदिवासी बच्चों को बंधक के रूप में रखा जा रहा है। उन्हे किसी भी व्यक्ति से मिलने नही दिया जाता है। गरीब, आदिवासी पालकों को प्रलोभन देकर व बच्चों को गुमराह कर उन्हे धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र -छात्राओं को कलेवा बांधने एवं मांथे पर तिलक लगाने पर प्रतिबंधित किया जाता है, जिससे उनकी धार्मिक भवनाएं आहत हो रही है। इसके अलावा प्रबंधन द्वारा शासन के निर्देशों का पालन ना करते हुए अभिभावकों से मनमानी तरीके से भारी-भरकम फीस वसूल रहा है। जैस एवं पुस्तकें पालकों को निर्धारित दुकान से ही भारी भरकम कीमतों पर खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ऐसे में कई बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे है या फिर बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर है। संगठन ने एसडीएम से स्कूल की जांच करवाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन द्वारा जल्दी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन को मजबूर आंदोलन करना पड़ेगा। वही इस संबंध में एसडीएम जमील खान का कहना है कि मुझे स्कूल के खिलाफ अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन प्राप्त हुआ है सभी बिंदुओं पर जांच कराई जा रही है जांच के बाद स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### अंतरराष्ट्रीय हिन्द परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक संपन्न




**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दु परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में सीहोर जिला मुख्यालय के हनुमान फाटक हनुमान मंदिर पर आयोजित की गई। सर्वप्रथम हनुमान बब्बा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं को मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष अतुल राठौर काका एवं जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सहमंत्री प्रकाश परमार, जिला महामंत्री मदन राजपूत, किसान परिषद जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह मेवाड़ा जिला उपाध्यक्ष मुकेश परमार, राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष कान्हा कुशवाह, जिला अध्यक्ष बजरंग दल जी.एस. राठौर, नगर उपाध्यक्ष प्रशांत राठौर, राजेश मेवाड़ा, नवीन राठौर, हिरदेश मेवाड़ा, रामभरोस जाट, राहुल राठौर, रामकृष्ण शर्मा, ज्ञान सिंह, कालू सोनी, मांगीलाल खचरोद उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसहमति से जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के द्वारा नवीन पदों की घोषणा भी की गई, जिसमें जिला सुरक्षा प्रमुख शिवम यादव, नगर सुरक्षा प्रमुख पिंटू ठाकुर, कस्बा खण्ड सुरक्षा प्रमुख धर्मेंद्र मेवाड़ा, खण्ड अध्यक्ष संदीप गुर्जर, नगर अध्यक्ष सुरक्षा प्रमुख राहुल सोनकर, मण्डी खंड अध्यक्ष पीयूष मेवाड़ा, नगर सहमंत्री मयंक राठौर आदि को नियुक्त किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सीहोर जिले प्रत्येक खण्ड स्तर पर प्रत्येक गाँव- गाँव हनुमान चालिसा केन्द्र संचालित किया जावे। बैठक के अंत में मनीष मेवाड़ा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## बीआरसी जीरापुर 8 दिन में नहीं कर पाए कोई कार्रवाई, डीपीसी बोले आज ही होगी कार्रवाई

# अमानक निजी स्कूल, कॉलेज पर कब होगी कार्रवाई! खुलेआम चल रहा शिक्षा का अवैध धंधा

### शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैए से मिल रहा है शिक्षा माफियाओं को हौसला, सख्त कार्रवाई से बच सकता है पढ़ाई करने वालों का भविष्य







हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

कोई निजी स्कूल 10 वीं तो कोई 12वीं में प्रवेश के बड़े बड़े पोस्टर लगाकर दूर दराज क्षेत्रों के अविभावकों एवं होनहार भविष्य को गुमराह करने में लगा हुआ है। यही नहीं जिले में कई कॉलेज भी ऐसे संचालित हो रहे हैं जिनका किसी भी यूनिवर्सिटी से संबंद्ध ही नहीं है परंतु शिक्षा विभाग और उसके नुमाइंदों को इसकी चिंता ही कहां। हरिभूमि ने सबसे पहले निजी स्कूलों में हो रहे बोर्ड एडमीशिन एवं फर्जी कॉलेज के संचालन का समाचार प्रकाशित किया था। आज 8 दिन बाद भी शिक्षा विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे हैं। इससे यह आशय लगाया जाए कि हमें सब कुछ पता है और हम जानबूझर कार्रवाई नहीं कर रहे या फिर हम नौनिहालों के भविष्य को लेकर बेफिक्र हो चुके हैं।

#### बीआरसी बोले - सोमवार को करेंगे कार्रवाई

हालात यह है कि जब बीआरसी जीरापुर गजेन्द्र शर्मा से बात की गई तो उन्होनें बताया कि वह सोमवार को कार्रवाई करेंगे। पहली बात तो यह की क्या बीआरसी समाचार प्रकाशन का इंतजार कर रहे थे उसके बाद कार्रवाई करेंगे। यह तो उनके कार्य का एक हिस्सा है फिर भी समाचार प्रकाशित हुआ 20 जून को और कार्रवाई होगी जुलाई में। यह विभाग के जिम्मेदारों की कार्यशैली को बताने के लिए काफी है।

#### जांच की जाएगी

इस तरह के जितने भी संस्थान हैं उनकी जांच करवाई जाएगी और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आरके यादव,** डीपीसी राजगढ़

#### वास्तविकता से दूर, भ्रामक प्रचार कर किए जा रहे नए एडमिशन

*कोई निजी स्कूल इंग्लिश मीडियम होने का दावा कर रहा है तो कोई सीबीएसई पैटर्न, कोई फीस में डिस्काउंट की बात कर रहा है यह सभी ग्रामीण अविभावकों को गुमराह करने में लगे हुए हैं। ऐसे में अविभावकों पर बड़ी जिम्मेदार हो जाती है कि वह किस शैक्षणिक संस्थान को चुने। देखा जाए तो माचलपुर नगर में मां दुर्गा एकेडमी के नाम से एक निजी स्कूल संचालित है जिसके पास कक्षा 8 वीं तक की मान्यता है परंतु पिछले कई सालों से व इस बार फिर 10 व 12 बोर्ड की मान्यता नहीं होने के बाद भी बेधड़क 12 प्रवेश तक का प्रचार किया जा रहा है। वहीं बडगांव को स्वामी विवेकानंद स्कूल के भी यही हाल है उनकी मान्यता भी मिडिल तक है परंतु वह भी 10वी तक के प्रवेश ले रहे हैं।*




#### *बिना यूनिवर्सिटी से संबंद्ध हुए चल रहे हैं कॉलेज!*

*बोडा में बस स्टेंड पर जिला सहकारी बैंक के पीछे संचालित होने वाले अवैध कॉलेज जो ग्रेजुएशन से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक कराने का दावा कराने का दावा कर रहा है। उसका किसी भी यूनिवर्सिटी से कोई संम्बद्धता ही नहीं है फिर भी बैखौफ होकर प्रवेश प्रारंभ के होर्डिंग्स लगाए गए हैं। 20 जून के समाचार के बाद संचालक ने प्रमाण पत्र भेजा जो महर्षि महेश वेद विश्वविधालय का था परंतु बह भी 2015 में समाप्त हो चुका है। ऐसे में इन फर्जी कॉलेज संचालकों पर भी सख्त कार्रवाई होना चाहिए।*

## 16 लाख के आर्थिक सहायता घोटाले की शिकायत अब ईओडब्ल्यू में, एक लिपिक हो चुका सस्पेंड

### जांच में दोषी अधिकारियों को 'अभय'


जांच में हुआ खुलासा, सभी की संलिप्तता से की गई 16 लाख की गड़बड़ी
16 लाख रुपए का घोटाला, तत्कालीन तहसीलदार और टीओ भी निकले दोषी
एक ही सहायता प्रकरण में 4 बार हुआ है भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को मिलने वाली 4 लाख की आर्थिक सहायता के एक मामले में राजगढ़ तहसील में बड़ा घोटाला उजागर हुआ था। एक ही मृतिका के प्रकरण में तहसील के जिम्मेदारों ने चार बार अलग-अलग इस तरह कुल 16 लाख का भुगतान करवा दिया।

जब मामला सामने आया तो कलेक्टर के निर्देषों के उपरान्त तहसील के लिपिक दीपक मेहर को सस्पेंड कर दिया गया। इसके साथ ही पूरे मामले कल जांच भी करवाई गई। एक साल पूर्व हुई इस जांच में जांचकर्ता अधिकारियों ने तत्कालीन तहसीलदार एवं तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी की संलिप्तता भी बताई थी। जांच रिपोर्ट में स्पष्टतः उल्लेख था कि लिपिक के साथ ही उक्त दोनों अधिकारियों की मिलीभगत भी इस पूरे गड़बड़झाले में परीलक्षित होती है।

#### जिले में कार्रवाई दबी, अब ऊपर हो रही शिकायत

जांच में जिन-जिन अधिकारियों को दोषी पाया गया था उनके दोष तो सिद्ध हो गए लेकिन कार्रवाई किसी पर नहीं हुई। ऐसे में अब भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि केपी पंवार ने ईओडब्ल्यू में इस भ्रष्टाचार की शिकायत करने जा रहे हैं। पंवार ने बताया कि अगर जिले के अधिकारी इस तरह मप्र शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाते रहेंगे तो कैसे चल पाएगा। इसीलिए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, भोपाल में की जा रही है।

#### यह था पूरा मामला

साल 2019 में करनवास निवासी मृतिका गीताबाई के सहायता प्रकरण में तहसील कार्यालय से मृतिका के वैधवारिसों को 4 लाख का भुगतान किया गया। गीताबाई के ही प्रकरण में राजगढ़ तहसील ने तीन और प्रकरण बनाकर कोषालय में भुगतान के लिए भेजे और भुगतान भी हो गया। ऑडिट में यह गड़बड़ी सामने आई और पूरा मामला सबके सामने आया लेकिन जांच दबा दी गई।

---

**डॉक्टर बाहर चला रहे निजी अस्पताल**

## शासकीय अस्पताल में तीन डॉक्टर होते हुए भी डेंटल मशीन खा रही है धूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर



नगर में सौ बिस्तर का सिविल अस्पताल प्राथमिक उपचार ही दे सकता है। बाकी बीमारियों के लिए शाजापुर, उज्जैन, इंदौर ही जाना पड़ता है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ सुविधा को लेकर कई प्रकार की योजनाएं जैसे भवन डॉक्टर उपकरण आदि अनेक ऐसी व्यवस्था की है जिन पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं बदले में बड़े शहरों को छोड़ दिया जाए तो स्थानीय स्तर पर शासन का करोड़ों रुपया बर्बाद होने के बाद भी लोगों को स्वास्थ सुविधा का लाभ नही मिल रहा है।

यही हाल सारंगपुर के सिविल अस्पताल का है। अस्पताल में यू तो डॉक्टरों की कमी है ऊपर से ऐसे डॉक्टर की भर्ती हुई है जो किसी भी दृष्टि से पदस्थ होते हुए भी न के बराबर है। सारंगपुर में तीन डॉक्टर डेंटिस्ट दांतो के इलाज के लिए नियुक्त है लेकिन तीनों डॉक्टर ड्यूटी पर मरीज के देखे बिना ही टाइम पास कर रहे हैं। ऐसा क्योंकि अस्पताल में लाखो रुपए के उपकरण धूल खा रहे हैं। इस और न तो अस्पताल प्रबंधन ध्यान दे रहा हैं और न ही संबंधित डॉक्टर अस्पताल में नेत्र सुविधा के नाम पर एक कमरे में कैबिन बना है जिस पर नेत्र चिकित्सालय लिखा है अंदर मशीन धूल खा रही हैं बाहर ताला लटका हुआ है ऐसे में दंत रोगी परेशान होकर अस्पताल के सामने प्राइवेट दंत चिकित्साको, के पास मोटी रकम देकर इलाज करवा रहे हैं हद तो तब हो गई की सरकारी अस्पताल में पदस्थ डेंटिल डॉक्टर खुद भी प्राइवेट दवाखाना खोलकर बैठे हैं क्या स्वास्थ विभाग या जनप्रतिनिधि इस और ध्यान देंगे।

#### जांच की जाएगी

अस्पताल में डेंटिस्ट संबंधित उपकरण मंगाए गए हैं। ओपीडी चालू कर ली गई है। अगर डॉक्टर बाहर अस्पताल चला रहे तो जांच की जाएगी।

**डी बड़ोदिया**
**ब्लाक मेडिकल ऑफिसर सारंगपुर।**

### भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने पौधरोपण किया

**जीरापुर।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने बालिका छात्रावास में पौधरोपण का आयोजन कर मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हजारीलाल दांगी, अध्यक्ष विष्णुसिंह पवांर, पवन कुशवाह नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, कुशल मंडलोई, जगदीश वर्मा, डॉ रामचंद्र किरार, डॉक्टर विष्णु प्रसाद, दीपक मालवीय, बालचंद दुगारिया, मोहन मालवीय, बनवारी लाल मेधवाल,जीवन बागड़ी, घनश्याम मालवीय, रतन लाल मालवीय, कंवरलाल वर्मा, कमल मालवीय ,बालचंद मालवीय सहित अनुसुचित जाति मोर्चा के सदस्य मौजूद थे।

**जांच कमेटी करेगी आरोपों की जांच**

## सरपंचों के विरोध और मंत्री की चेतावनी के बाद जनपद सीईओ राजगढ़ अटैच

### नरसिंहगढ़ सीईओ को सौंपा ब्यावरा जपं का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा



सरपंचों द्वारा जनपद सीईओ के खिलाफ कमीशनखोरी के आरोप लगाते हुए खोले गए मोर्चे और मंत्री की चेतावनी के बाद सीईओ ईश्वरसिंह वर्मा को जिला मुख्यालय राजगढ़ अटैच कर दिया गया है। अब उनकी जगह नरसिंहगढ़ जनपद सीईओ राजीव मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अटैच पर लगे आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। वहीं सीईओ को निलंबित करने का प्रस्ताव शासन को भेजने की प्रक्रिया की जा रही हैं। राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार का अनोखा अंदाज गुरुवार को देखने को मिला है।

उन्होंने सख्त तेवर में कलेक्टर हर्ष दीक्षित को धरने पर बैठने की चेतावनी तक दे डाली। कहा जनपद सीईओ को सस्पेंड करो नहीं तो मजबूरन मैं भी सरपंचों के साथ धरने पर बैठूंगा। दरअसल राज्यमंत्री की उपस्थिति में सरपंचों ने ब्यावरा जनपद सीईओ पर 09 पंचायत के काम स्वीकृत करने के एवज में 20 प्रतिशत तक कमीशन के रूप में रिश्वत लेने सहित अन्य आरोपों को लेकर कलेक्टर श्री दीक्षित एवं जिला पंचायत सीईओ महिपकिशोर तेजस्वी ने जनपद पहुंचकर शिकायतों के आधार पर रिकार्ड खंगाला और सीईओ से सफाई मांगी, लेकिन वह अपनी सफाई नहीं दे सकें, जिस आधार पर अटैच करने की कार्रवाई की गई। जिला पंचायत सीईओ तेजस्वी के अनुसार सरपंचों की शिकायतों को देखते हुए सीईओ वर्मा को राजगढ़ अटैच कर दिया गया हैं। शिकायतों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया हैं। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर निलंबित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

सरपंच दो दिन से सीईओ के खिलाफ आंदोलनरत थे। एक दिन पहले एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, तो दूसरे दिन समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों सहित मंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष कमलसिंह पंवार, उपाध्यक्ष दिनेश मीणा, शिव सौंधिया चाठा, सागरसिंह गुर्जर बरखेड़ी, रामचंद्र नागर पीपलहेला, कैलाश दांगी मोर्चाखेड़ी, प्रेमसिंह बना पीपलबे, लाखन यादव निबानिया, ओम प्रकाश मीणा कांसोरकला, महेश मीणा पातलापानी, विष्णु गुर्जर खजूरखाड़ी, देवीसिंह सौंधिया कटारियाखेड़ी, नवल बंजारा बेड़ाबे सहित बड़ी संख्या में पीड़ित सरपंच मौजूद थे।

#### सरपंचों ने लगाए थे यह आरोप

जनपद पंचायत ब्यावरा के सीईओ वर्मा द्वारा सामग्री भुगतान के लिए 7 से 10 प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। कोई भी नवीन कार्य स्वीकृत कराने के एवज में राशि की मांग की जा रही है। सीईओ ने दो जीआरएस को जोड़ रखा हैं, उनके माध्यम से वसूली का जाती है। उपयंत्री भी इसमें शामिल हैं। जियोटेक एपरूवल के लिए भी एपीओ के जरिए रिश्वत की मांग की जाती हैं, कई फोटों पेंडिंग है। स्वच्छता राशि सभी पंचायतों में बांटने की वजाय कुछ पंचायतों में 20 प्रतिशत कमीशन लेकर बांट दी गई। जिन पंचायतों में मनरेगा के 20 से अधिक कार्य चल रहे हैं, उन पंचायतों के नवीन कार्य स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं, जबकि अन्य जिलों में यह नियम नहीं है। एक पंचायत में दो कपिल धारा कूप निर्माण की बाध्यता समाप्त की जाए, क्योंकि यह नियम अन्य जिलों में नहीं है।

## स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत मलासुर अभियान जन जागरूकता रैली



**सारंगपुर।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 प्रचलित है जिसमें शासन के निर्देशानुसार नगरी निकायों में 25 जून से 23 जुलाई 2023 तक शाहरी स्वच्छता आधारित एक दिवसीय सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल की उपस्थिति में मलासुर अभियान चलाया गया एवं जन जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को अपने घरों एवं व्यावसायिक क्षेत्र के शौचालय के सेप्टिक टैंको को हर 3 साल में साफ करवाने हेतु जागरूक किया गया एवं पंपलेट बांटे गए। जिससे मालासुर जैसे घातक बीमारी से बचा जा सके साथ ही नगर पालिका में स्वच्छता के संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अभियान में पार्षदगण बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल स्वच्छता सभापति अमित गिरजे कमल शर्मा समीर मेव सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एल एस डोडिया नोडल अधिकारी रीना सिंह गुप्ता उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे अशोक दीक्षित राजकुमार गिरजे स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे दरोगा जितेंद्र भेरवे मनीष गिरजे सहित नगर पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिले के 124 जनशिक्षकों को ग्वालियर में दिया प्रशिक्षण

**राजगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र की मंशा है कि सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाएं, शैक्षिक स्तर भी निजी स्कूलों की तरह हो जाए। शिक्षा में गुणवत्ता के सुधार के इसी उद्धेष्य को लेकर प्रदेश के जनशिक्षकों को अन्यत्र जिलों में भेजकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में राजगढ़ जिले के 124 जनशिक्षकों को ग्वालियर में एफएलएन(आधार बूथ साक्षरता) टेनिंग के लिए भेजा गया। गत 24 जून से कल 28 जून तक हुए पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तहत जनशिक्षकों को शिक्षा में सुधार के लिए अनेकों बातें बताई गईं। इसके साथ ही कहा गया कि अंकुर अभियान के तहत वे जितना अच्छा अपने-अपने स्कूलों में कर सकते हैं, वेसा किया जाए। निर्देषित किया गया कि हर जनशिक्षक प्रतिदिन अपने प्रभार वाले किसी एक स्कूल में पहुंचकर पढ़ाई करवाए। इसके साथ ही बच्चों का टेस्ट भी ले। स्कूल के साथी शिक्षकों से किस तरह से अच्छा कार्य करवाया जाए, इस हेतु भी सभी को बताया गया। इस प्रशिक्षण के बाद मोबाइल ऐप से भी अपडेट होना होगा।

### जिला पंचायत की साधारण सभा में उठे कई मुद्धे, विधायकों ने भी रखी अपनी बातें

# शिक्षकों के जितने भी अटेचमेंट हैं उन्हें समाप्त करें: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

#### *राजगढ़ विधायक ने आजीविका मिशन के कार्यों की जांच की रखी मांग*




जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने अपनी पहुंच से चहेते स्कूलों में पांव जमाकर बैठे अटेचमेंट वाले शिक्षकों का मुद्धा प्रमुखता से उठाया। उन्होंन शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि राजगढ़ जिले में जितने भी शिक्षकों के अटेचमेंट हैं, उन्हें तत्काल समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि शहरी स्कूलों में आवष्यकता से अधिक शिक्षकों की भरमार है और उधर ग्रामीण क्षेत्रों के दो दर्जन से अधिक स्कूलों में शिक्षक ही नहीं है। यह सब अधिकारियों और शिक्षकों की मिलीभगत से हो रहा है। ऐसे में बच्चों के हित को देखते हुए अटेचमेंट समाप्त किए जाएं। बैठक के दौरान उपस्थित मत्स्य विकास मंत्री नारायण सिंह पंवार ने विभिन्न योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी और संबंधित अधिकारियों को कमियों को तत्काल दुरुस्त करवाने के तल्ख निर्देष दिए।

बैठक के दौरान राजगढ़ विधायक ने बरखेड़ा स्कूल का मुद्धा उठाते हुए कहा कि बरखेड़ा का स्कूल अलग स्थान पर है और उसी नाम का छात्रावास 6 किमी दूर अलग स्थान पर है। यह किसकी गलती से हुआ है। इस विसंगति से को अधिकारीगण तत्काल दूर करवाएं। बैइक के दौरान सभी विधायकों ने बिजली से जुड़ी समस्याओं का मुद्धा प्रमुखता से उठाया। राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़कों के गड्ढों को विभाग द्वारा तत्काल दुरुस्त करवाया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो सीधे प्रधानमंत्री को इससे अवगत कराया जाएगा।

#### *आजीविका मिशन में चल रहा है भ्रष्टाचार*

*बैठक के दौरान विधायक यादव ने आजीविका मिशन में चल रहे भ्रष्टाचार की जांच कर वहां के अधिकारी संदीप सोनी के निलंबन की मांग सदन से रखी। पूरी जांच का जिम्मा जिला पंचायत सीईओ को सौंपते हुए कार्रवाई हेतु कहा गया।*

#### *अतिक्रमण होते ही क्यों नहीं तोड़ा जाता*

*नरसिंहगढ़ के वन क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर विधायक मोहन शर्मा खासे नाराज नजर आए। उन्होंने डीएफओ से कहा कि जब आपने पूरे वनक्षेत्र में बाउन्ड्री कर रखी है तो जब कोई अतिक्रमण करता है उसे तत्काल क्यों नहीं रोक दिया जाता है। बाद में उस अतिक्रमण को हटाने में खासी परेषानियां आती हैं। उन्होंने वन विभाग को निर्देष दिए कि जहां भी वनक्षेत्र में अतिक्रमण हो उसे शुरू होते ही हटवा दिया जाए। बैठक में मंत्री श्री पंवार सहित विधायक मोहन शर्मा, विधायक हजारीलाल दांगी, जिपं उपाधूख पर्वत लक्ष्मीनारायण यादव सहित जिपं के सभी सदस्य, प्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

## भाजपा मंडल ने मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया पौधरोपण

**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल सारंगपुर द्वारा बुधवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस पौधरोपण कार्यक्रम के रूप में आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, पार्षद गोपाल पाल,बाबूलाल,अहिरवार, कमल शर्मा, सुनील बगवान, अमित गिरजे, महामंत्री रमेश लववंशी, करण गिरजे, जिला उपाध्यक्ष रेणु वंशकार, नरेंद्र कंडारे, मंत्री बबलू मालवीय, मंडल अध्यक्ष गोलू वाल्मिकी, महामंत्री विक्रम अहिरवार, संतोष शर्मा, अमित दुबे सहित भाजपाई मौजूद थे।

**कार्यालय नगर परिषद् कोठरी जिला सीहोर**

क्रमांक/604/नि.शा./2024 कोठरी दिनांक 28/06/2024

(ULB Code-802316)

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मैरीज गार्डन, होटल/रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, छात्रावास, सामुदायिक भवन, रहवासी संद्य एवं अन्य संस्थान आदि जो प्रतिदिन 50 किलो ग्राम अथवा इससे अधिक गीला कचरा प्रत्येक माह के 15 दिनों में भी उत्सर्जित करते है तो वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2016 के अनुसार थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माने जावेंगे। ऐसे थोक कचरा उत्पादकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2016 का पालन किया जाना अनिवार्य है। जिसके अंतर्गत उत्सर्जित होने वाले गीले कचरे का अपने परिसर में ही उचित ढंग से निष्पादन किया जाना अनिवार्य है। यदि उल्लेखित संस्थान आदि उक्त अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाते है तब संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं 300/- रूपये प्रतिदिन के मान से अर्थदण्ड आरोपित किया जावेगा। अधिक जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सम्पर्क करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् कोठरी**

## खबर संक्षेप

### एक जुलाई को होगा दीक्षारंभ समारोह

**जावर।** 1 जुलाई 2024 से 3 जुलाई 2024 तक शासकीय महाविद्यालय जावर नगर जिला सीहोर में सत्र 2024-25 में बी.ए. प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियो के लिए दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बी.ए. प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियो के साथ - साथ वरिष्ठ छात्र व अतिथि गण उपस्थित रहेंगे।

### रिकवरी एजेंट पर मारपीट का आरोप

**सीहोर।** सीहोर जिले की आष्टा तसहील क्षेत्र में एक फायनेंस कंपनी के लोगों पर गाली गलौंच के तहत मामला पंजीबद्ध हुआ है। फायनेंस कंपनी के तीन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने गांव में पहुंचकर किश्त बसूली के नाम पर मारीपट की और उन्हें जाति सूचक गालियां दीं। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। दरअसल आष्टा क्षेत्र की धुराडा कलां के बलवान ने अरमान फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों पर सिद्धिकगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने अरमान फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट जितेंद्र मेवाडा, विनोद धनगर, सचिन धनगर पर मारपीट और गाली गलौंच का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अरमान फाइनेंस कंपनी से पर्सनल लोन लिया था, जिसकी किश्तें वह रेगुलर भर रहा था। जून महीने की 4370 रुपए की किश्त नही भर पाया। इस पर अरमान फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों ने बलवान सिंह के साथ मारपीट कर उसे जातिगत गलियां दी। सिद्धिकगंज थाने में मामला पंजीबद्ध कर पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।

### सोयाबीन के भाव में गिरावट जारी

**आष्टा।** इस समय नगर की किसी उपज मंडी में आवक में लगातार कमी हो रही थी, लेकिन शुक्रवार को तेजी देखी गई। इसकी वजह यह है कि किसान इस समय बोवनी के कार्य में लगा हुआ है। जिन किसानों के सोयाबीन बोवनी करने के बाद बच गए हैं।

### फरियादी गंभीर रूप से हो गया था घायल, उपचार के दौरान हुई थी मौत

# जमीन के विवाद में हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

27 जून के जावर तहसील के ग्राम कान्या खेड़ी में मेढ पर पत्थर जमाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा जिले में फरियादी की रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं आकाश अमलकर एस डी ओ पी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना जावर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए फरियादी अर्जुन पिता मोहन सिंह सेंधव 35 साल निवासी कान्या खेड़ी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त की।

27 जून को ग्राम कान्या खेड़ी में मेड पर पत्थर जमाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में लड़ाई झगड़ा हुआ जिसकी रिपोर्ट हेतु दोनों पक्ष थाना उपस्थित हुए यह कि फरियादी अर्जुन पिता मोहन सिंह सेंधव उम्र 35 साल निवासी कान्या खेड़ी का अपने परिजन अर्जुन सिंह पिता मोहन सिंह, पुष्पेंद्र पिता चेतन सिंह, शुभम पिता चेतन सिंह, चेतन पिता मोहन सिंह, बलवान पिता मोहन सिंह के साथ रिपोर्ट हेतु थाना उपस्थित आए जो फरियादी वह मजरुबो को मारपीट में आई चोटों की प्रकृति की जानने हेतु सभी का मेडिकल परीक्षण फॉर्म भरकर सिविल अस्पताल जावर भेजा गया। जहां डॉक्टर द्वारा सभी का मेडिकल परीक्षण किया गया बाद मेडिकल परीक्षण के रिपोर्ट हेतु थाना लेकर आए।

जिस पर से फरियादी अर्जुन सिंह सेंधव की रिपोर्ट पर आरोपी लखन सिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव निवासी कान्या खेड़ी, रामसिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव,सोभाल सिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव, विजेंद्र सिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव, पिंटु उर्फ शिवनारायण पिता सोभाल सिंह जाती सेंधव, गोपाल सिंह पिता सोभाल सिंह जाती सेंधव, अरविंद सिंह पिता लखन सिंह जाती सेंधव निवासीगण कान्याखेड़ी के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना प्रकरण में मजरुब बलवान पिता मोहन सिंह की मृत्यु हो जाने से प्रकरण में हत्या का अपराध का इजाफा किया जाकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया व घटना में प्रयुक्त कर को जब्त कर 07 नफर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेजा गया। वही अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# पानी निकासी नहीं होने से फसल हो रही खराब

### खेतों में जमा हो रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथू में किसानों की फसल हो रही नष्ट नहीं है पानी निकासी की व्यवस्था ग्रामीणों का कहना है कि अगर खेतों के दोनों तरफ नाली बनवाई जाए तो हमारी फसल खराब होने से बच जाएगी किसान विक्रम सिंह ने बताया कि मेने मेरे खेत में जो सोयाबीन की फसल बोई थी वह पूरी तरह नष्ट हो चुकी है बड़ी मुश्किल से बीज का इंतजाम किया था और बोवनी की थी लेकिन यह हालत रही तो मेरी फसल बची हुई है वो भी पूरी तरह से नष्ट हो जाएगी। गांव के सरपंच राजा ठाकुर ने बताया कि 2 वर्ष पहले गांव में कलेक्टर आए थे उन्होंने बोला था कि खेतों के दोनों तरफ नाली बनवाई जाएगी लेकिन अभी तक कोई आदेश नहीं आया और न ही अधिकारियों ने इस और ध्यान दिया कलेक्टर ने बोला जरुर था लेकिन किया नहीं पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है दोनों तरफ नाली बनाई जाए तो ही पानी की निकासी हो पाएगी नहीं तो किसानो की फसल खराब हो जाएगी अभी तो बारिश सिरु हुई है तो यह हालत है आगे क्या होगा। किसानों का कहना है कि अधिकारियों और सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए नहीं तो हमारी फसल नष्ट हो जाएगी रास्ता उंचा होने के कारण इससे करीब दो सालों से किसानों की फसल हो रही नष्ट जलमग्न हो जाती है किसान विक्रम सिंह, गंगाराम, गजराज सिंह, संतोष, आनंद, बहादुर सिंह, ओमप्रकाश आदि किसानों ने बताया।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर कर्मचारियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कर्ष कार्य करने वाले कर्मचारियों का कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत खाचरोद में 80 प्रतिशत मतदान होने पर ग्राम के सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सुनील जाट, शिक्षक बाबूलाल पेरवाल मुद्रडा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती जाट, सहायिका सुधा सोनी, राजल मालवीय, कोटवार प्रेम सिंह, सुखराम सिंह को कलेक्टर द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशंसा पत्र पाने वाले सभी कर्मचारियों को सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा बधाई व शुभकामनाए दी गई।

## अघोषित बिजली कटौती से रहवासियों में आक्रोश

# मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर के मंडी क्षेत्र में लगातार हो रही आघोषित बिजली कटौती से नागरिकों के सब्र का बांध टूट गया है। मध्य रात्रि को क्षेत्र के लोगों ने चक्का जाम कर विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगरीय क्षेत्र सीहोर में इन दिनों बिजली संकट तेजी से गहराता जा रहा है।

ज्यादातर इलाकों में घोषित के साथ और घोषित बिजली कटौती भी की जा रही है। हालांकि, मंडी क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है जहां सर्वाधिक बिजली कटौती हो रही है। विशेष कर रात के समय कई दिनों से लगातार रुक-रुक कर घंटे तक घोषित कटौती की जा रही है। जिससे क्षेत्र के लोगों में विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों क्षेत्र के नागरिकों ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन की सौंपा था। तब उन्हें आश्वासन दिया गया था कि रात को अघोषित कटौती नहीं की जाएगी। हालांकि, बीती रात फिर से कई घंटे तक मंडी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप रही। जिससे नाराज लोगों ने क्षेत्र में चक्का जाम कर जमकर नारेबाजी की। मामले में विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि अति आवश्यक सुधार कार्य आ जाने के कारण बिजली कटौती की जाती है।

# क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक ने उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर किया पौधरोपण





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र को चेक किया।

स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से भी इस संबंध में बात की गई। वहीं इस अवसर पर ग्राम के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप जाट, पूर्व जनपद अध्यक्ष जिले के महामंत्री धारा सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण वर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह धारवा, भाजपा नेता पंकज सेन, अरुण श्रीवास्तव, सरपंच महेंद्र सिंह काजले, उप सरपंच नंदकिशोर बागवान, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष व पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण वर्मा, गायत्री परिवार आष्टा से गोपाल सिंह परमार, चंद्र सिंह सुनानिया, बद्री प्रसाद, शंकर लाल विश्वकर्मा, चेतन पटेल, अर्जुन जसवाल, अवदेश परमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी, जयपाल जाजपुरिया, बाबू लाल गहरवाल, सुमन अहिरवाल, धीरज ठाकुर, राहुल सोलंकी व समस्त स्टाफ रहा। वही ग्रामीणों द्वारा विधायक से मांग की विद्युत मंडल का फिडर अलग किया जाए। जिससे बार-बार गांव में विद्युत कटौती होती है वह नहीं होगी।

स्वास्थ्य केंद्र के तहत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं यहां पर महिला डॉक्टर नहीं है। एक महिला डॉक्टर बहुत जरूरी है। उसे तत्काल पूरा किया जाए। पत्रकारों ने विधायक से पूछा आपने निरीक्षण किया तो इसमें क्या पाया विधायक ने कहा सारी व्यवस्थाएं सही से चल रही हैं। स्टाफ की कमी है उसको पूरा किया जाएगा। टीन सेट बेकार है उसको नया लगाया जाएगा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के नाम से एक-एक पौधा अवश्य लगाए। हमारे जीवन में पौधे की अधिक महत्वता है। इस महत्वता को समझे और प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पौधा अवश्य लगाए। पौधे लगाने के बाद हमे उसकी सुरक्षा भी करनी होगी, तकि वह पेड बन सके।

### अध्यक्ष नियुक्त होने पर आदेश का विधायक ने किया स्वागत

आष्टा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने नवनियुक्ति होटल व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश शर्मा का विधायक कार्यालय पर स्वागत किया। नवीन कार्यकारिणी में महामंत्री मन ठाकुर व कोषाध्यक्ष दिलीप यादव का स्वागत कर बधाई दी। होटल व्यापारी संघ ने भी विधायक का शाल श्रीफल से सम्मान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर होटल व्यापारी संघ के नानू राठौर, सुनील मेवाड़ा, पवन जैन, संजू जैन, पंकज नाकोड़ा, राजू राठौर, धर्मेंद्र यादव, दिलीप यादव, अभिषेक, अतुल पचलासिया, महेश राठी, गोलू तिवारी, विक्रम मेवाड़ा, बलराम मेवाड़ा आदि मौजूद थे। आभार होटल व्यापारी संघ के महामंत्री मन ठाकुर ने व्यक्त किया।

# नपा के वाचनालय में घुसा पहली बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आष्टा नगर में स्थित पुराना बस स्टैंड पर बने नगर पालिका के वाचनालय में पहली बारिश में अंदर पानी घुस गया। वहीं चारों ओर कीचड़ ही कीचड़ हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी आ रही है। वाचनालय में पानी और कीचड़ होने के कारण लोग बैठ नहीं पा रहे हैं। इसी तरह पुराने बस स्टैंड का पार्क है। वहां भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर रखा है। पार्क कबाड़े के सामान से भरा हुआ है। कई महीनों से साफ सफाई नहीं होने के कारण अब जहरीले सांप पनपने लगे हैं। लोगों को उक्त पार्क में आना जाना बंद हो गया है। यहां पर कहने को तो पानी की टंकी है, लेकिन उसमें पानी नहीं है। इसलिए लोगों को यहां वहां पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

### असिस्टेंट डायरेक्टर सलोनी शर्मा ने किया शासकीय हाई सेकंडरी विद्यालय का निरीक्षण

# शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति और नामांकन बढ़ाने के दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शुक्रवार को शिक्षा विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर सुश्री सलोनी शर्मा द्वारा कोठरी के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एक शिक्षिका श्रीमती मनीषा शुक्ला अनुपस्थित मिली। तथा कुछ शिक्षक कलेक्टर द्वारा आयोजित 80% ज्यादा मतदान होने पर सम्मान कार्यक्रम में आष्टा गए हुए थे। श्रीमती शर्मा द्वारा कक्षा 8वी में अध्यापन कार्य भी करवाया और उन्होंने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं नामांकन बढ़ाने के साथ साथ समस्त शिक्षकों को समय पर विद्यालय में आने हेतु भी निर्देश दिए । जहां तक कारण बताओ नोटिस का सवाल है तो प्राचार्य श्री मति तिर्की का कहना हे इस तरह का कोई नोटिस मुझे वा मेरे विद्यालय के किसी शिक्षक और शिक्षिका को नही मिला है। प्राचार्य श्री मति तिर्की से जब उपस्थिति और मुख्यालय पर रहने के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया की में स्कूल रोजाना समय पर आती हू,मेरे सभी शिक्षक भी समय पर ही आते हैं, निरीक्षण के दौरान शिक्षक गण आष्टा कलेक्टर साहब के सम्मान समारोह में गए थे,एक शिक्षिका की अनुपस्थिति का प्रश्न है तो ने कार्यालीन स्तर पर जानकारी लूंगी,की वह स्कूल आने में लेट क्यों हुई।

# पुलिस ने अभियान चलाकर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देश में और एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सिद्धिकगंज पुलिस द्वारा एक जून से सम्पूर्ण भारत मे लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2024 के संबंध मे सिद्धिकगंज पुलिस द्वारा सिद्धिकगंज बस स्टैंड पर जनसंवाद किया। विदित है की अभी तक भारतीय दंड संहिता और दंड प्रक्रिया संहिता वर्तमान में प्रचलन में थी। लेकिन दिनांक 1 जुलाई से नवीन कानून लागू हो जाएंगे। इस प्रकार आइपीसी के स्थान पर बीएनएस और सीआरपीसी के स्थान पर बीएनएसएस के अंतर्गत पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।